# प्रतिबिम्ब
(NEWS LETTER)

कु0 मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय
बादलपुर, गौतमबुद्ध नगर

KMGGPGC
स्थापना वर्ष-1997
Vol 6/issue 3/Jan 2024- June 2024
NAAC IInd Cycle : B++ (2.91)
Certified : ISO 9001-2015


## प्राचार्या की कलम से




समय अत्यंत मूल्यवान है, जो व्यक्ति समय रहते इसका महत्व समझ लेता है, उसे असफलता का सामना नहीं करना पड़ता। परंतु अधिकांश लोगों के जीवन की विडंबना यह है कि समय और समझ उन्हें एक साथ प्राप्त नहीं होते। अक्सर समय पर समझ नहीं आती और समझ आने पर मूल्यवान समय निकल जाता है। समय एक बहती हुई नदी की तरह है, जो सदैव गतिमान रहता है और कभी पीछे नहीं मुड़ता। समय का सही उपयोग व अनुशासित रूप, समस्त कार्यों का पालन, सभी के लिए महत्वपूर्ण है, किंतु विद्यार्थी जीवन के लिए यह तथ्य और भी अधिक मूल्यवान हो जाता है। क्योंकि ऐसा न करने पर उन्हें असफलताओं का सामना करना पड़ता है, जो उनके भावी जीवन पर भी प्रभाव डालता है। समय का सदुपयोग हमें एक बेहतर कल की ओर ले जाता है और मन को शांति व संतोष प्रदान करता है। समय के महत्व को समझ कर और उसका सदुपयोग करके हम न केवल अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं बल्कि अपने समाज और देश की उन्नति और विकास में भी योगदान दे सकते हैं। समय किसी का इंतजार नहीं करता अतः कार्यक्षेत्र , परिवार व अपने से जुड़े विभिन्न पक्षों के लिए समय प्रबंधन विवेकपूर्ण प्रकार से करना चाहिए । तभी हम अपनी समस्त तजिम्मेदारियों को तनाव रहित होकर पूर्ण कर सकते है और स्वयं के लिए शांतिदायक व गुणवत्तापूर्ण समय निकाल सकते है ।

प्रो.(डॉ.) दिव्या नाथ

## राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन

दिनांक 12 जनवरी 2024 को महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. दिव्या नाथ जी की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानंद अध्ययन केंद्र के तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर 27 वे राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का वृहद स्तर पर आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ प्राचार्या द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। कार्यक्रम के प्रथम चरण में शासनादेशानुसार 'युवा दिवस' पर राज्य स्तरीय विवेकानंद यूथ अवार्ड एवं स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत स्मार्ट टैबलेट के वितरण के परिप्रेक्ष्य में हुए कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। प्रारंभ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के अभिभाषण का प्रसारण हुआ तत्पश्चात् प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का अभिभाषण राष्ट्रीय युवा उत्सव नासिक महाराष्ट्र का सजीव प्रसारण सभी प्राध्यापकों एवं छात्राओं द्वारा बड़े ही ध्यान पूर्वक सुना गया। तत्पश्चात प्राचार्या ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद युवा वर्ग के लिए एक ऐसी प्रेरणा स्त्रोत है जो उनके जीवन में ऊर्जा भरने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम का संचालन स्वामी विवेकानंद अध्ययन केंद्र की प्रभारी डॉ. दीप्ति वाजपेयी एवं औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन सलाहकार डॉ. अनीता सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में प्राचार्या द्वारा महाविद्यालय प्रांगण में पौधारोपण किया गया। साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों यूनिट की कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. सीमा देवी एवं डॉ. अपेक्षा तिवारी के सहयोग से अन्य प्राध्यापकों द्वारा भी पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम के तृतीय चरण में स्वामी विवेकानन्द अध्ययन केंद्र के तत्वावधान में पोस्टर प्रतियोगिता एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने बढ़- चढ़कर प्रतिभाग किया और आकर्षक पोस्टर एवं सारगर्भित निबंध प्रस्तुत किए। सम्पूर्ण कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभागिता की। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक उपस्थित रहे ।





## "फाइनेंशियल लिटरेसी" पर वेबिनार का आयोजन

दिनांक 18 जनवरी को IQAC तथा वाणिज्य संकाय के संयुक्त तत्वावधान में एक "फाइनेंशियल लिटरेसी" विषय पर ऑनलाइन सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का आयोजन "एस वी डब्ल्यू पी हेल्थ पार्टनर्स" के द्वारा किया गया। सेमिनार के आरंभ में आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ के सदस्य डॉ0 अरविंद कुमार यादव ने सेमिनार की उपयोगिता और सेबी के कार्यों के बारे में प्रकाश डाला। इस सेमिनार में मुख्य वक्ता श्री शमशेर सिंह जी ने सर्वप्रथम सिक्योरिटी एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया के बारे में विस्तार से बताया कि हमें विनियोग करते समय किन किन बातों का ध्यान रखना चाहिए। अंत में उन्होंने बताया की अगर हम सेबी के सभी नियमों की जानकारी रखेंगे, तो हम किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधियों से बच सकते हैं और हम अपना विनियोग को बहुत अच्छी कंपनियों में लगाकर अच्छे रिटर्न्स प्राप्त कर सकते। एस. वी. डब्ल्यू. बी. हेल्थ पार्टनर्स के द्वारा सभी प्रतिभागी छात्राओं को सर्टिफिकेट का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम के अंत में संयोजिका डॉ0मनी अरोड़ा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया ।

## सम्पादिका की कलम से

स्मृतियां मानव जीवन का अभिन्न अंग है। यह कभी तो जिए गए सुखद पलों, कभी अनंत आकाश में विचरण करने की कल्पनाओं को साकार करने के प्रयासों, कभी खुशियां पाने और खुशियां बांटने की चाहतों, और कभी मन को आह्लादित करने वाली घटनाओं को याद कर चेहरे पर सहज मुस्कान ले आतीं है, वही कभी असफलता और निराशा के पलों को याद दिलाकर जीवन में एक नया संकल्प दे जाती है । कु . मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बादलपुर के समस्त प्रयास उन नवीन स्मृतियों को निर्मित करने की प्रेरणा से ओत प्रोत रहते हैं , जो महाविद्यालय इतिहास में एक नया अध्याय लिख सके । साथ ही जिसके सकारात्मक परिणाम महाविद्यालय को नित नवीन ऊंचाइयों पर ले जाने का आधार बने। महाविद्यालय द्वारा छात्रा हित में किए गए इन्हीं प्रकार के प्रयासों को स्मृतियों के रूप में हमारे मन मस्तिष्क में प्रतिबिंबित करते रहने का लक्ष्य लिए जनवरी 2024 से जून 2024 तक के न्यूज लेटर का वर्तमान अंक आप सभी के करकमलों में इस विश्वास के साथ अर्पित है कि इसके माध्यम से महाविद्यालय की इंद्रधनुषी गतिविधियों की स्मृतियां आपके चेहरे पर सहज और निर्मल मुस्कान अवश्य लाएंगी।

अप्राप्यं नाम नेहास्ति धीरस्य व्यवसायिनः। (साहसी और परिश्रमी व्यक्ति के लिए कुछ भी अप्राप्य नहीं है)



प्रो.(डॉ.) दीप्ति वाजपेयी

# Energy Literacy Training Program




महाविद्यालय आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ के प्रयासों से एनर्जी स्वराज फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे एनर्जी लिटरेसी कैंपेन में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों ने प्रतिभाग किया तथा 15 जनवरी से 20 जनवरी तक संचालित कार्यशाला में भाग लेकर एनर्जी सेविंग के संबंध में पूर्ण जानकारी प्राप्त की। सभी के द्वारा यह शपथ भी ली गई कि वह भविष्य में ऊर्जा को संचित करने के समस्त तथा संभव प्रयास करेंगे तथा तथा किसी भी कीमत पर ऊर्जा तो व्यर्थ नहीं गवाएंगे। कार्यशाला के प्रशिक्षण के उपरांत प्राध्यापकों ने अपनी-अपनी कक्षाओं एवं मेंटर ग्रुप में छात्र-छात्राओं को भी ऊर्जा के उचित प्रयोग के विषय में जानकारी दी तथा ऊर्जा संरक्षण के महत्व को समझाया। सभी प्राध्यापकों ने इस ट्रेनिंग में प्रतिभाग कर प्रशिक्षण पूर्ण किया तथा प्रमाणपत्र प्राप्त किए।



# उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस का आयोजन

महाविद्यालय में दिनांक 24 जनवरी 2024 को महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफ़ेसर ( डॉ ) दिव्या नाथ जी की अध्यक्षता में एक भारत श्रेष्ठ भारत समिति एवं शिक्षा शिक्षक विभाग के संयुक्त तत्वाधान में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। आयोजन की श्रृंखला में डॉ. विजेता गौतम द्वारा उत्तर प्रदेश से संबंधित प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। श्रीमती शालिनी तिवारी द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें उत्तर प्रदेश से संबंधित विभिन्न सांस्कृतिक धरोहरों एवं उपलब्धियों पर छात्राओं ने रोचक पोस्टर बनाए।



सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में सर्वप्रथम एक भारत श्रेष्ठ भारत समिति की प्रभारी डॉ निशा यादव ने पौधा देकर प्राचार्य महोदया का स्वागत किया। तत्पश्चात् संगीत विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. बबली अरुण के निर्देशन में छात्राओ ने प्रदेश के विभिन्न भागों में गाए जाने वाले लोकगीत प्रस्तुत किये। देवोत्थान गीत, कजरी, सोहर, राजस्थानी मिश्रित ब्रज भाषा का पुट लिए मीरा के विरह गीत एवं भोजपुरी गीतों की मोहक प्रस्तुति छात्राओं द्वारा दी गई। बी.एड. विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. संजीव कुमार द्वारा उत्तर प्रदेश के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक गौरव गाथा पर व्याख्यान दिया गया । डॉ. संजीव कुमार के निर्देशन में छात्राओं ने अवधी भाषा में बनारस की संस्कृति पर लघु नाटिका प्रस्तुत की।

महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफ़ेसर ( डॉ) दिव्या नाथ जी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश एक राज्य होते हुए भी यहाँ स्थानीय स्तर पर भाषाई एवं सांस्कृतिक विविधता है।उत्तरप्रदेश अनेक महापुरुषों की कार्यस्थली रहा है। यह शैक्षणिक एवं आर्थिक क्षेत्र में निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर है । हमें विरासत में मिली इस सांस्कृतिक धरोहर पर गर्व करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन शिक्षा शिक्षक विभाग के प्रभारी डॉ संजीव कुमार द्वारा किया गया एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत समिति प्रभारी डॉ निशा यादव ने औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में एक भारत श्रेष्ठ भारत समिति के सभी सदस्यों एवं शिक्षा शिक्षक विभाग के सभी प्राध्यापकों का विशेष सहयोग रहा।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन

दिनांक 25 जनवरी, 2024 चौदहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में प्राचार्य प्रो० डॉ दिव्या नाथ के निर्देशन में राजनीति विज्ञान विभाग /वोटर लिटरेसी क्लब के सौजन्य से एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की मुख्य वक्ता के रूप में प्रोफेसर डॉ. ममता उपाध्याय, समन्वयक [ V L C ] ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित 'स्वीप' कार्यक्रम की प्रासंगिकता एवं महत्व से छात्राओं को अवगत कराया। साथ ही मतदाता पहचान- पत्र हेतु पंजीकरण, डिजिटल वोटर आईडी कार्ड, EVM,VVPAT सहित मतदान की प्रक्रियाओं के प्रति जागरूक रहते हुए भारतीय लोकतंत्र को अपनी सहभागिता से



मजबूत बनाने के दायित्व बोध से प्रेरित होकर मतदान करने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य द्वारा महाविद्यालय के सभी कार्मिकों, प्राध्यापकों एवं छात्राओं को सभी चुनावों मे निर्भीकता, निष्पक्षता,ईमानदारी के साथ एवं सभी प्रलोभनों से मुक्त रहते हुए मतदान करने की शपथ दिलाई गई। नव-मतदाताओं में उत्साह का संचार करने हेतु महाविद्यालय में "मतदाता हस्ताक्षर "अभियान महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो डॉ दिव्या नाथ द्वारा हस्ताक्षर कर किया गया। उक्त हस्ताक्षर अभियान में छात्राओं एवं प्राध्यापकों ने बढ़- चढ़ कर भाग लिया एवं अभियान को सफल बनाया ! मतदान दिवस के अवसर पर नोडल अधिकारी डॉ सीमा देवी को "मतदान दिवस "के अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी ,गौतम बुद्ध नगर द्वारा जिले में नव- मतदाताओं के पहचान- पत्र बनवाने में महत्वपूर्ण योगदान हेतु प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रमों का आयोजन और संचालन स्वीप प्रभारी डॉ. सीमा देवी एवं सह प्रभारी डॉ. रंजना उपाध्याय द्वारा किया गया। उल्लेखनीय है कि राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा स्वयं की पहल एवं शासकीय आदेशों का संज्ञान लेते हुए इस वर्ष लगभग 1500 छात्र-छात्राओं एवं ग्राम वासियों का मतदाता पहचान पत्र हेतु ऑनलाइन पंजीकरण कराया गया जिसमें,गौतम बुद्ध नगर के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों के 75 ग्रामों एवं शहरी क्षेत्रों के निवासी सम्मिलित हैं। इस कार्य की संपन्नता में विभाग की राजदूत छात्राओं-कु. आरती,कुमारी तनु,कुमारी आकांक्षा एवं कुमारी श्वेता का विशेष योगदान रहा।स्वीप योजना के अंतर्गत मतदाता जागरूकता हेतु राज्य स्तरीय स्लोगन प्रतियोगिता में हमारे महाविद्यालय की छात्रा शैलजा दाहिया ने राज्य स्तर पर सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।



# 75 वां गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन



महाविद्यालय में दिनांक 26 जनवरी,2024 को देश की अखण्डता एवं सम्प्रभुता के प्रतीक 75वें गणतंत्र दिवस के पावन पर्व को पूर्ण हर्ष और उल्लास के साथ पारम्परिक रूप से आयोजित किया गया। सर्वप्रथम महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. डॉक्टर दिव्या नाथ द्वारा कुहासे की चादर ओढ़े विशाल प्रांगण में समस्त शिक्षकों की उपस्थिति में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। राष्ट्रगान के स्वर एवं वन्दे मातरम् की धुन ने फ़िज़ाओं को देशभक्ति से गुंजायमान कर दिया। तत्पश्चात् प्रो डॉ डी सी शर्मा द्वारा माननीय शिक्षा निदेशक उच्च शिक्षा के लिखित संदेश का वाचन किया गया। डॉ बबली अरुण के निर्देशन में छात्राओं द्वारा मनमोहक देश भक्ति गीत एव लोक नृत्य प्रस्तुत किये गये। प्रस्तुति के क्रम में महाविद्यालय की छात्राओं-कु साक्षी तंवर, अनु सिंह, महिमा पटेल, अंजलि, नेहा गर्ग ,महक,उर्वशी एव वैष्णवी ने रंगारंग कार्यक्रमों से वातावरण को देशभक्ति से ओत प्रोत कर दिया।



डॉ रमाकान्ति द्वारा कर्णप्रिय देशभक्ति गीत की प्रस्तुति की गयी। प्राचार्या जी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि भारत, विश्व की सबसे पुरानी जीवंत सभ्यताओं में से एक है। आर्थिक मंच पर भारत दुनिया की पाँचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है । आज भारतवर्ष विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि साक्षरता दर को बढ़ाने के साथ ही हमें शिक्षा के स्तर को भी बढ़ाना होगा। इस शुभ अवसर पर महाविद्यालय की पत्रिका ज्ञानांजलि का विमोचन भी प्राचार्य महोदया के कर कमलों द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन समारोह समिति प्रभारी डॉ श्वेता सिंह द्वारा किया गया एव कार्यक्रम के आयोजन में समिति सदस्य डॉ नेहा त्रिपाठी, डॉ नीलम शर्मा और डॉ आज़ाद आलम ने पूर्ण सहयोग प्रदान किया। राष्ट्रीय गौरव के इस पर्व पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों एवं कर्मचारिगणो एवं एनसीसी कैडेट्स ने अपनी सहभागिता प्रदान की ।

## अंग्रेजी विभाग में प्रसार व्याख्यान एवं करियर काउंसलिंग का आयोजन



महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ दिव्या नाथ मैम के कुशल निर्देशन में अंग्रेजी विभाग द्वारा दिनांक 20 फरवरी 2024 को Plato's concept of Ideal Society in the Republic पर प्रसार व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता शहीद मंगल पांडे राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय माधवपुरम मेरठ की प्रोफेसर मोनिका चौधरी रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत कार्यक्रम की संयोजिका डॉ अपेक्षा तिवारी द्वारा मुख्य वक्ता का स्वागत पादप देकर व ट्रांसलेशन स्टडीज की आवश्यकता एवं इसके महत्व पर औपचारिक संबोधन द्वारा किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता प्रोफेसर मोनिका चौधरी नेअपने वक्तव्य में उन्होंने प्लेटो के आदर्श समाज की वर्तमान परिपेक्ष में सार्थकता, स्थानीय स्तर पर राजनीति एवं राजनीतिक गतिविधियां, स्थानीय नेताओं का सरकारी दफ्तरों एवं संस्थाओं में हस्तक्षेप अतिक्रमण होने पर आदर्श समाज का विघटन एवं स्थानीय राजनीति से प्रभावित होता हुआ सामाजिक स्तर आदि का बड़े ही मार्मिक तरीके से विश्लेषण किया । दिनांक 20 फरवरी 2024 को ही करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता प्रोफेसर मोनिका चौधरी छात्राओं से संवाद करते हुए अंग्रेजी विषय द्वारा अपने करियर को पंख लगाने एवं विभिन्न क्षेत्रों में अंग्रेजी विषय द्वारा ज्ञान का परचम लहराने व करियर बनाने की राह दिखाई। कार्यक्रम में अंग्रेजी विभाग के समस्त प्राध्यापक श्रीमती जूही बिरला एवं डॉ श्वेता सिंह, डॉ विजेता गौतम व समस्त छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंत में औपचारिक धन्यवाद विभाग प्रभारी श्रीमती जूही बिरला द्वारा किया गया। दिनांक 20 फरवरी 2024 को ही अंग्रेजी विभागीय परिषद के तत्वाधान में स्नातकोत्तर स्तर पर निबंध प्रतियोगिता एवं स्नातक स्तर पर आर्टिकल राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## अर्थशास्त्र विभाग एवं वाणिज्य विभाग द्वारा अंतर्विभागीय कार्यशाला एवं सेमिनार का आयोजन





दिनांक 20 फरवरी 2024 को वाणिज्य विभाग एवं अर्थशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में तथा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ दिव्या नाथ जी के संरक्षण में एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का विषय"How to face the Interview" था जिसमें NGO Magic Bus (NGO) के मोहमद शादाब द्वारा Personality development, Time Management एवं Self awareness, Resume writing के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई । दिनांक 22 फरवरी 2024 को "Effect of Election Expenditure on Economic Development विषय पर एक अंतर्विभागीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में अर्थशास्त्र विभाग के श्री गजेंद्र सिंह मुख्य वक्ता रहे। श्री गजेंद्र सिंह ने बताया कि किस प्रकार गैर उत्पादकीय चुनावी खर्च का प्रलोभन बढ़ती अर्थव्यवस्था के लिए चुनौती पैदा करता है। चुनावी खर्च के आकार में वृद्धि मध्यम से दीर्घावधि में अर्थव्यवस्था को लाभ की तुलना में अधिक नुकसान पहुंचाती है। श्रीमति भावना यादव ने बताया कि किस प्रकार इलेक्शन अर्थव्यवस्था को प्रभावित करता है जैसे अंतरराष्ट्रीय व्यापार, आय की असमानता आदि। सेमिनार में M.A. की कई छात्राओं जैसे, साक्षी, शिवानी, भावना, आरजू आदि, B.com.प्रथम वर्ष की दिशा, B.Com. द्वितीय वर्ष की दीपांशी , ज्योति शर्मा,खुशबू, चेतना आदि ने भी अपने अपने विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में वाणिज्य विभाग प्रभारी डॉ अरविंद कुमार यादव एवं डॉ मणि अरोड़ा तथा अर्थशास्त्र विभाग प्रभारी श्रीमती भावना यादव, श्रीमती पवन ,डॉ ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह एवं श्री गजेंद्र सिंह उपस्थित रहें

## नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन





महाविद्यालय में प्राथमिक चिकित्सा समिति एवं महिला हेल्थ क्लब प्रभारी डॉ सोनम शर्मा के निर्देशन में छात्राओं के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गए। दिनांक 27/02/24 को RSPL, कानपुर द्वारा महाविद्यालय की छात्राओं को 1000 सेनेटरी नैपकिन का मुफ्त वितरण किया गया। सेनेटरी नेपकिन वितरण का कार्य कंपनी से आए श्री अजय मित्रा के द्वारा संपन्न हुआ । 6 अप्रैल 2024 को महाविद्यालय की आइक्यूएसी कमेटी एवं फर्स्ट एड कमेटी के द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन यथार्थ हॉस्पिटल एवं लायंस क्लब के सौजन्य से किया गया। शिविर में फिजिशियन, गाइनोकोलॉजिस्ट के साथ छात्राओं की अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं एवं जिज्ञासाओ का निराकरण किया गया। शिविर में शुगर, बीपी की निशुल्क जांच की गई। छात्राओं के साथ उनकी महिला अभिभावकों की भी स्वास्थ्य की जांच हुई I प्राथमिक चिकित्सा समिति की समन्वयक डॉ नीतू सिंह एवं समिति के सभी सदस्य डॉ माधुरी पाल, डॉ नीलम यादव, डॉ रमाकांति, श्रीमती शालिनी तिवारी, श्रीमती पवन और डॉ रंजना उपाध्याय द्वारा सभी कार्यक्रमों में सक्रिय योगदान प्रदान किया गया ।

## विज्ञान सप्ताह का आयोजन






महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. दिव्या नाथ के निर्देशन में तथा डॉ दिनेश चंद्र शर्मा के कुशल नेतृत्व में 23 फरवरी 2023 से 28 फरवरी 2023 तक विज्ञान सप्ताह का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत प्रथम दिन प्राचार्य ने रिबन काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके उपरांत पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजित की गई, जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।

इस क्रम में सप्ताह के दूसरे दिन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका विषय सामान्य विज्ञान से संबंधित था ।

विज्ञान सप्ताह के तीसरे दिन अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. प्रिया बजाज, असिस्टेंट प्रोफेसर जन्तु विज्ञान, राजकीय महाविद्यालय, ने नोएडा

उपस्थित होकर "पर्यावरणीय पदार्थों की गिरावट: हम एक हरित भविष्य की ओर बढ़ें" विषय पर पर प्रकाश डाला । सप्ताह के चौथे दिन जलवायु परिवर्तन के महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार करने हेतु भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसका मुख्य विषय जलवायु परिवर्तन था।
कार्यक्रम के अंतिम दिन विज्ञान प्रदर्शनी लगाई गई । जिसमें विद्यार्थियों ने नवीन एवं बहुमुखी विचारों को प्रस्तुत करने वाले विभिन्न गतिशील एवं स्थिर मॉडल प्रस्तुत किए।
विज्ञान सप्ताह के अंतर्गत आयोजित हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरस्कार वितरण समारोह आरोही में पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में विज्ञान संकाय के सभी प्राध्यापकों डॉ नेहा त्रिपाठी, डॉ नीतू सिंह, डॉ ऋचा, डॉ अनुपम स्वामी तथा डॉ अभिषेक जायसवाल के साथ-साथ डॉ आज़ाद आलम का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा ।

## शिक्षक अभिभावक समागम का आयोजन



महाविद्यालय में दिनांक 2 मार्च 2024 को शिक्षक अभिभावक समागम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफ़ेसर (डॉ) दिव्या नाथ एवं अभिभावकों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ । इसके उपरांत अभिभावकों को महाविद्यालय में चल रहे विभिन्न पाठ्यक्रम एवं गतिविधियों के बारे में परिचय दिया गया। अभिभावकों ने भी महाविद्यालय कार्यक्रमों, अध्यापन एवं गतिविधियों के बारे में अपने विचार प्रस्तुत किए एवं महाविद्यालय के द्वारा छात्राओं के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। इसके उपरांत महाविद्यालय की प्राचार्या ने अपने उद्बोधन में अभिभावकों को महाविद्यालय में शिक्षा के साथ छात्राओ के रोज़गार के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में अवगत कराया एवं साथ ही छात्राओं के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी । कार्यक्रम का संचालन डॉ श्वेता सिंह द्वारा किया गया । कार्यक्रम में समिति के सभी सदस्यों डॉ अनिता सिंह, डॉ निशा यादव, डॉ पवन, डॉ विनीता सिंह, डॉ ज्ञानेंद्र कुमार, डॉ बसंत कुमार का सहयोग सराहनीय रहा । सम्पूर्ण कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं छात्राएं उपस्थित रहे ।



## वार्षिक क्रीड़ा समारोह का भव्य समापन

महाविद्यालय में दिनांक 6 एवं 7 मार्च 2024 को वार्षिक क्रीडा समारोह का आयोजन किया गया । क्रीडा के प्रथम दिवस पर मुख्य अतिथि द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता श्री सत्यपाल थे । उन्होंने अपने उत्साहवर्धन एवं प्रेरक उद्बोधन में छात्राओं से कहा कि निरंतर अभ्यास करते रहने से लक्ष्य की प्राप्ति अवश्य होती है । छात्राओं को खेलों के माध्यम से उचित स्वास्थ्य और देश सेवाओं का अवसर प्राप्त होता है । कार्यक्रम के प्रथम दिवस 100 मीटर, 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता के साथ साथ लम्बी कूद,गोला फेंक एवं भाला फेंक प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। द्वितीय दिवस रस्सी कूद प्रतियोगिता ,म्यूज़िकल चेयर तथा 100 मीटर फाइनल रेस प्रतियोगिताएं आयोजित की गई । क्रीडा के समापन दिवस के अवसर पर डॉ जी.एस. रुहेल,क्रीड़ा अधिकारी,चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे । उन्होंने प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरस्कार वितरित किए । इस वर्ष की



चैम्पियन छात्रा कुमारी निक्की भाटी एम ए द्वितीय सेमेस्टर रही । मुख्य अतिथि डॉ जी.एस. रुहेल ने छात्राओं को अपने उद्बोधन में अपने संस्मरण सुनाकर प्रोत्साहित किया । उन्होने छात्राओं को खेल के महत्व से अवगत कराते हुए क्रीड़ा गतिविधियों को मानसिक स्वास्थ्य का सबसे बड़ा साधन बताया तथा छात्राओं को आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया । प्राचार्य डॉ दिव्या नाथ ने अपने उद्बोधन में छात्राओं के मनोबल को बढ़ाते हुए खेल और अन्य प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस प्रकार की पाठ्य सहगामी गतिविधियों का विद्यार्थी जीवन में विशेष महत्व है। अतः सभी को स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना से इन सभी गतिविधियों में भाग लेना चाहिए । अंत में क्रीड़ा प्रभारी डॉ. सत्यंत कुमार द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया गया । प्रथम दिवस के कार्यक्रम का संचालन डॉ. संजीव कुमार द्वारा तथा द्वितीय दिवस के कार्यक्रम का संचालन डॉ. श्वेता सिंह द्वारा किया गया । क्रीड़ा समारोह के आयोजन में क्रीड़ा समिति के सभी सदस्यों डॉ सत्यंत कुमार, डॉ परवेज शमीम, डॉ नीरज कुमार, डॉ कनक कुमार तथा डॉ मिन्तु का महत्वपूर्ण योगदान रहा । दोनों दिवसों में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों ने खेल निर्णायक की महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया गया तथा महाविद्यालय के समस्त संकाय की छात्राओं ने क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया।



## महाविद्यालय आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ की द्वितीय बैठक संपन्न

महाविद्यालय में सत्र 2023-24 की आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ की द्वितीय बैठक प्राचार्या डॉ. दिव्या नाथ की अध्यक्षता में IQAC के समस्त बाह्य एवं आन्तरिक पदाधिकारियों के साथ दिनांक 11 मार्च, 2024 को संपन्न हुई।
सदन की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्या ने सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया। तत्पश्चात IQAC प्रभारी प्रो. दीप्ति वाजपेयी द्वारा सदन को विगत बैठक में निर्धारित किए गए एजेंडा की Action Taken Report प्रस्तुत की गई तथा महाविद्यालय की अन्य उपलब्धियों से सदन को अवगत कराया। उपलब्धियों के सचित्र प्रस्तुतीकरण के पश्चात वर्तमान एजेंडे को सभी पदाधिकारियों के सम्मुख वर्णित किया।





सदन में ऑनलाइन /ऑफलाइन माध्यम से उपस्थित बाह्य पदाधिकारियों डॉ एम.एम शेरी डायरेक्टर ट्रिपल आईटी लखनऊ, डॉ राजीव नयन रामानुजन कॉलेज, दिल्ली विवि, डॉ बिंदु शर्मा , सी.सी.एस यूनिवर्सिटी मेरठ, श्री आदित्य हॉलैंड ट्रैक्टर, नमो गंगे ट्रस्ट प्रतिनिधि, श्री सुदेश कुमार स्पंदन संस्था, अभिभावकगण,पुरातन एवं वर्तमान छात्रा प्रतिनिधि सभी ने महाविद्यालय गुणवत्ता संवर्धन हेतु अपने-अपने सुझाव दिए तथा महाविद्यालय प्रगति और प्रयासों के प्रति हर्ष व्यक्त किया। अन्त में प्रो. शिवानी वर्मा द्वारा सदन को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।
बैठक के आयोजन में IQAC के आंतरिक पदाधिकारीगण प्रो. दिनेश चंद्र शर्मा , प्रो. किशोर कुमार, प्रो. शिवानी वर्मा, डॉ. शिल्पी, डॉ. मीनाक्षी लोहानी , डॉ. सत्यंत कुमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा ।



## राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन

महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उत्सव के तहत 8 मार्च 2024 को विषय "विज्ञान में महिलाओं की भूमिका का अन्वेषण: सीमाओं को तोड़ते हुए भविष्य का निर्माण" पर एक ऑनलाइन सेमिनार का आयोजन किया। यह सेमिनार डीएसटी/क्यूरी परियोजना की सहायता से आयोजित किया गया । कार्यक्रम की मुख्य





अतिथि श्रीमती मोनिका एस. गर्ग, आईएएस, वर्तमान में अतिरिक्त मुख्य सचिव, अल्पसंख्यक विभाग और मुस्लिम वक्फ बोर्ड, उत्तर प्रदेश सरकार थीं। मुख्य अतिथि ने आज के विश्व में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की भूमिका पर एक उत्कृष्ट भाषण दिया। विभिन्न एमएससी जूलॉजी के छात्राओं ने महिलाओं द्वारा विज्ञान के क्षेत्र में योगदान के विषय पर अपने प्रस्तुतियां दीं। साक्षी भारद्वाज, एमएससी प्रथम वर्ष की छात्रा, ने गर्भाधान विचरण संविधान (जीआईएफटी) के क्षेत्र में महान कार्य करने वाली डॉ. इंदिरा हिंदुजा पर एक प्रस्तुति दी। सृष्टि सिंह ने महिला स्वास्थ्य संबंधी विकार पीसीओएस / पीसीओडी पर किए गए सर्वेक्षण के परिणामों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। ऋतु नागर जो एमएससी प्रथम वर्ष की छात्रा हैं, ने भारतीय रॉकेट महिलाओं के योगदान के बारे में बताया। अक्षिता मलिक, जो एमएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा हैं, ने डॉ. जेनिफर डौडना के योगदान के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि डॉ. डौडना ने क्रिस्पर-कैस 9 प्रौद्योगिकी पर आईस ब्रेकिंग अनुसंधान किया, जिसके लिए उन्होंने केमिस्ट्री में नोबेल पुरस्कार साझा किया। कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. दिव्या नाथ थीं। सेमिनार का आयोजन प्रो दिनेश चंद्र शर्मा द्वारा किया गया । इसके अतिरिक्त सेमिनार आयोजन मंडल में डॉ. नेहा त्रिपाठी, डॉ. ऋचा, डॉ नीतू सिंह डॉ. अनुपम स्वामी, श्रीमान अभिषेक जायसवाल, डॉ. आज़ाद आलम सिद्दीकी शामिल थे। सेमिनार में भारी संख्या में छात्र छात्राओं और शिक्षकों ने भाग लिया।

## चित्रकला प्रदर्शनी "अभिव्यक्ति" का आयोजन





महाविद्यालय में दिनांक 12.03.2024 को चित्रकला विभाग द्वारा चित्रकला प्रदर्शनी "अभिव्यक्ति" का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. (डॉ.) दिव्या नाथ ने किया। चित्रकला विभाग की विभागाध्यक्ष श्रीमती शालिनी तिवारी के कुशल मार्गदर्शन में चित्रकला विभाग की बी. ए. प्रथम, तृतीय व पंचम सेमेस्टर की छात्राओं ने रंगो व तूलिका द्वारा अपनी कलात्मक व सौंदर्यात्मक अनुभूति को चित्रों के रूप में अंकित किया। प्रदर्शनी का मुख्य विषय क्रिएटिव पेंटिंग था, जिसमें जीवन के विविध आयामों का चाहे वह मानव जीवन हो या प्रकृति उनको अपनी कल्पना द्वारा अलग रूप प्रदान किया गया। जल रंग व पोस्टर रंगों के माध्यम से छात्राओं ने भारतीय संस्कृति को विशेष कर भारतीय नारी को एक नया रूप प्रदान किया जो देखने वाले को अनायास ही अपनी ओर आकर्षित कर लेता है।
महाविद्यालय की संरक्षिका प्राचार्या प्रो. (डॉ.) दिव्या नाथ ने छात्राओं के प्रयास की सराहना की और उन्हें और अच्छा करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापकों ने भी छात्राओं का मनोबल बढ़ाया।

## प्रसार व्याख्यान का आयोजन



महाविद्यालय में 14 मार्च 2024 को "युवाओं में बढ़ता मानसिक तनाव" विषय पर राजकीय महाविद्यालय , मेरठ की सेवानिवृत्ति प्रोफेसर डॉ राजबाला आर्य के व्याख्यान का आयोजन किया गया। उनके द्वारा श्री वेदपाल सिंह नवचेतना युवा संस्था की स्थापना की गई है, जिसकी संपूर्ण जानकारी उनके द्वारा छात्राओं को प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि शाश्वत नारी मंच समसामयिक विषयों पर गोष्टिया आयोजित करता है। इसके साथ ही मौसमी रोगों पर चिकित्सक वार्ता करके समाज को रोगों के विषय में जानकारी प्रदान करना और जागरूक करने का कार्य किया जाता है।उन्होंने छात्रों को जीवन में तनाव मुक्त रहने के गुन सिखाए। छात्राएं उनके व्याख्यान से अत्यधिक प्रभावित हुई और लाभान्वित हुई इस अवसर पर प्राचार्य महोदय सहित प्रसार व्याख्यान माला के सभी सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर सोनम शर्मा के द्वारा किया गया।

## स्वाबलंबन मेले "अस्मिता" का आयोजन





महाविद्यालय में दिनांक 18.3. 2024 को प्राचार्या प्रो डॉ दिव्या नाथ के कुशल अध्यक्षता व संरक्षण में राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष सप्त दिवसीय शिविर का समापन स्वावलंबन मेले 'अस्मिता' के साथ किया गया। महाविद्यालय की छात्राओं में आत्मनिर्भरता, स्वरोजगार एवं कौशल विकास के उद्देश्य से इस मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ प्राचार्य महोदया के कर कमलों द्वारा रिबन काटकर किया गया तथा मेले की प्रतिभागी छात्रा सोनी ने प्राचार्या तथा अन्य प्राध्यापकों को तिलक लगाकर स्वागत किया। अपने उद्बोधन में प्राचार्या महोदया ने सभी छात्राओं को मेले की सफलता की बधाई तथा अपनी शुभकामनाएं दी तथा वर्तमान युग में स्वयं की योग्यता व कौशल से स्वरोजगार की प्रेरणा दी। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ सीमा देवी एवं डॉ अपेक्षा तिवारी के नेतृत्व में मेले में स्वयंसेविकाओं व महाविद्यालय की छात्राओं ने विभिन्न स्टाल लगाए जैसे स्ट्रीट फूड, साज सज्जा का सामान, कलात्मक वस्तुएं, प्रादेशिक व्यंजन, मनोरंजक गेम्स, डांस फ्लोर आदि। मेले में मुख्य आकर्षण का केंद्र 'सेल्फी प्वाइंट' भी रहा जिसमें सभी प्राध्यापकगणों तथा छात्राओं ने अपनी सेल्फी ली।

## पुरस्कार वितरण समारोह 'आरोही' का आयोजन

दिनांक 19.03.2024 को महाविद्यालय में विभागीय परिषद पुरस्कार वितरण समारोह 'आरोही' तथा विज्ञान सप्ताह के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरण एवं राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर में आयोजित प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरण समारोह का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो० (डॉ०) ज्योत्सना गर्ग, सेवानिवृत्त प्राचार्या एवं प्रो० (डॉ०) करुणा सिंह, सेवानिवृत्त प्राचार्या, कु० मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बादलपुर गौतम बुद्ध नगर तथा प्रो० (डॉ०) अनीता रानी राठौर, प्राचार्या, मान्यवर कांशीराम राजकीय महाविद्यालय, गभाना, अलीगढ़ ने अपनी







गरिमामय उपस्थिति से समारोह को भव्यता प्रदान की। समारोह का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। इसके पश्चात मुख्य अतिथियों का स्वागत पादप एवं अंगवस्त्र भेंट कर किया गया। प्राचार्या प्रो० (डॉ०) दिव्या नाथ ने अपने स्वागत उद्बोधन में उपस्थित मुख्य अतिथियों को गंगा, यमुना और सरस्वती की संज्ञा देते हुए उनका संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया एवं उनके सरल व्यक्तित्व की प्रशंसा करते हुए उनके महाविद्यालय आगमन पर हार्दिक अभिनंदन किया एवं समस्त प्रतिभागी छात्राओं को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पुरस्कार वितरण की श्रृंखला में विज्ञान सप्ताह में विजयी छात्राओं को मुख्य अतिथि प्रो० (डॉ०) अनीता रानी राठौर एवं महाविद्यालय प्राचार्या महोदया के कर कमलों से पुरस्कार तथा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। तत्पश्चात महाविद्यालय के सभी विभागों के विभागीय परिषद में होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी छात्राओं को पुरस्कार तथा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, जिसमें मुख्य अतिथि प्रो० (डॉ०) करुणा सिंह रहीं। इसी क्रम में मुख्य अतिथि प्रो० (डॉ०) ज्योत्सना गर्ग एवं महाविद्यालय प्राचार्या महोदया द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गये। पुरस्कार वितरण के मध्य महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा अत्यंत मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दे कर सभी को आनंदित किया। प्रो० (डॉ०) अनीता रानी राठौर ने अपने उद्बोधन में महाविद्यालय परिवार को पुरस्कार वितरण समारोह के सफल आयोजन की बधाई दी एवं अपने मनमोहक अंदाज में एक लोकगीत की कुछ पंक्तियां गुनगुनाकर सभी को सम्मोहित कर दिया। तत्पश्चात प्रो० (डॉ०) करुणा सिंह ने अपने उद्बोधन में आज के बदलते परिवेश में अपने संबंधों को बनाए रखने के महत्व का संदेश दिया। इसी क्रम में प्रो० (डॉ०) ज्योत्सना गर्ग ने अपने उदबोधन में छात्राओं को अपनी अंतर्निहित क्षमताओं को पहचान कर सफलता हेतु निरंतर प्रयास करते रहने को प्रेरित किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ० अमर ज्योति द्वारा किया गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ० श्वेता सिंह, डॉ० अनुपम स्वामी, डॉ० अमर ज्योति, डॉ० सीमा देवी एवं डॉ० अपेक्षा तिवारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर विभागीय परिषद समिति, महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों व छात्राओं की उपस्थिति एवं सहयोग सराहनीय रहा।

## आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में कार्यशाला का आयोजन



दिनांक 20 मार्च 2024 को Unlocking Financial Challenges in Research: A guide to success विषय पर IQAC द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया गया । प्राचार्य डॉ दिव्या नाथ की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यशाला में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों एवं शोध छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया । मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. दिनेश चंद्र शर्मा ने यूजीसी, आईसीएसएसआर, डीएससी,विश्विद्यालय के शोध अनुदान और छात्रवृति के विभिन्न नियमों से प्रतिभागियों को अवगत कराया । तत्पश्चात रिसोर्स पर्सन के रूप में डॉ. अरविन्द कुमार यादव ने शोधार्थियों को गार्ड फाइल मेंटेन करना, लीव के नियम तथा शोध नियमों की विस्तृत जानकारी दी। प्राचार्य डॉ दिव्या नाथ ने सभी छात्र छात्राओं तथा शोध निर्देशकों को नियमों के तहत कार्य करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नियमों का पालन जीवन को सही दिशा की ओर प्रवत्त करता है। कोई भी नियम सुव्यवस्था के लिए बनाए जाते है अतः हमे उनका पालन करना चाहिए ।

कार्यक्रम का संचालन IQAC प्रभारी प्रो (डॉ) दीप्ति वाजपेयी द्वारा किया गया। कार्यशाला के अंत में प्रो (डॉ)शिवानी वर्मा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यशाला के आयोजन में लेफ्टिनेंट डॉ. मीनाक्षी लोहनी तथा डॉ. सत्यंत कुमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह 'उमंग' का भव्य आयोजन

दिनांक 22.03.2024 को महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह 'उमंग 2024' का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो० (डॉ०) रवीन्द्र कुमार सिन्हा, कुलपति, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा ने अपनी गरिमामय उपस्थिति से समारोह को भव्यता प्रदान की। समारोह का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। प्राचार्या प्रो० (डॉ०) दिव्या नाथ ने अपने स्वागत उद्बोधन में मुख्य अतिथि महोदय का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मंच संचालन समारोहिका डॉ० श्वेता सिंह द्वारा किया गया। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में सर्वप्रथम शास्त्रीय संगीत गायक श्री बिरजू महाराज की ठुमरी पर आधारित नृत्य प्रस्तुति दी गयी। तत्पश्चात प्रो० (डॉ०) रश्मि कुमारी द्वारा महाविद्यालय की वार्षिक आख्या प्रस्तुत की गई । पाश्चात्य संस्कृति की झलक प्रस्तुत करने वाले आकर्षक एकल नृत्य एवं हरियाणवी लोक नृत्य सभी के आकर्षण का केंद्र रहा। इसी क्रम में दक्षिण भारतीय शास्त्रीय संगीत पर आधारित मनमोहक नृत्य नाटिका मंचन ने सभी को आनंदित किया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि एवं प्राचार्य महोदया ने सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली मेधावी छात्राओं, गणतंत्र दिवस परेड में सम्मिलित एन०सी०सी० की छात्रा पायल भाटी, 'सी' सर्टिफिकेट प्राप्त छात्राएं, विवेकानंद अध्ययन केंद्र एवं महिला प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी छात्राओं तथा राजनीति विज्ञान विभाग की राजदूत छात्राओं को पुरस्कार तथा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, जिसमें मंच संचालन सह-समारोहिका डॉ० नेहा त्रिपाठी द्वारा किया गया। महिला सशक्तिकरण का संदेश देते हुए छात्राओं ने आकर्षक समूह नृत्य प्रस्तुत किया। इसी क्रम में छात्र जीवन पर आधारित कॉमेडी एक्ट ने दर्शकों को हास्यरस से ओत-प्रोत कर दिया। कार्यक्रम का समापन आकर्षक होली नृत्य के माध्यम से हुआ जिसने सम्पूर्ण वातावरण को उत्सवमय कर दिया। सभी सांस्कृतिक कार्यक्रम संगीत विभाग एवं कलात्मक प्रदर्शन समिति प्रभारी डॉ० बबली अरुण एवं सह प्रभारी डॉ० सीमा देवी एवं डॉ रमाकांति के परिपक्व निर्देशन में आयोजित किए गए। तत्पश्चात मुख्य अतिथि महोदय प्रो० (डॉ०) रवीन्द्र कुमार सिन्हा ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को अपनी अंतर्निहित क्षमताओं को पहचान कर सफलता हेतु निरंतर प्रयास करते रहने को प्रेरित किया। उन्होंने महाविद्यालय की प्राचार्य एवं प्राध्यापकों की बहुशः प्रशंसा की तथा छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि महोदय को स्मृतिचिन्ह भेंट किया गया। औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन समारोह समिति की सदस्य डॉ० नीलम शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों व छात्राओं की उपस्थिति एवं सहयोग सराहनीय रहा।





## शिक्षक शिक्षा विभाग में भाषा संवर्धन एवं 'कला- सौंदर्यीकरण' कार्यशाला का आयोजन



महाविद्यालय के शिक्षक शिक्षा विभाग में दिनांक 13 एवं 14 मार्च को 'कला एवं सौंदर्यीकरण' तथा दिनाँक 19 मार्च से 23 मार्च तक भाषा संवर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कला एवं सौंदर्यीकरण कार्यशाला के अंतर्गत छात्राओं को वॉल हैंगिंग, पॉट मेकिंग, फ्लावर मेकिंग, पॉट डेकोरेशन, कार्ड मेकिंग, ब्लॉक प्रिंटिंग, टाइ एंड डाई एवं स्टिचिंग आदि करना सिखाया गया। भाषा संवर्धन कार्यशाला में छात्राओं के लिए अभिव्यक्ति क्षमता विकसित करना, शब्दों एवं का शुद्ध उच्चारण सीखना, लेखन कौशल उत्पन्न करना ,कल्पनाशीलता, शब्दकोश-संवर्धन, शुद्ध -लेख ,प्रश्न-मंच जैसे विविध विषयों पर प्रकाश डाला गया। छात्राओं में कौशल संवर्धन एवं अभिव्यक्ति स्तर को उन्नत बनाने की दृष्टि से दोनों कार्यशालाएं अपने उद्देश्य में सफल रही।

## गृह विज्ञान विभाग द्वारा प्रदर्शनी का आयोजन





गृह विज्ञान विभाग द्वारा 2 अप्रैल 2024 को प्रदर्शनी और बिक्री का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ आदरणीय प्राचार्या महोदया प्रो.दिव्या नाथ द्वारा फीता काटकर किया गया। गृह विज्ञान स्नातकोत्तर की छात्राओ द्वारा बनाए गए घरेलू खाद्य पदार्थ और हस्तशिल्प प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण थे। सभी स्टाफ सदस्यों और छात्राओ ने आलू के चिप्स, पापड़, डाइट नमकीन, अचार, कचरी, इयररिंग, स्क्रंचियां आदि खरीदने का आनंद लिया। दही भल्ला, भेलपुरी, गोल गप्पा के भी स्टॉल थे जो सभी को बहुत पसंद आये ।

यह प्रदर्शनी एवं क्रय 'महिला उद्यमिता' विषय पर गृह विज्ञान के पीजी प्रोजेक्ट का एक हिस्सा भी है। इस परियोजना के माध्यम से छात्र उद्यमिता के अपने कौशल का पता लगाना सीखते हैं। गृह विज्ञान प्रभारी प्रॉ (डा) शिवानी वर्मा ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया । इस आयोजन में गृह विज्ञान विभाग की प्राध्यापिकाओं श्रीमती नीलम यादव एवं श्रीमती माधुरी पाल जा विशेष योगदान रहा।

## " आध्यात्मिक संगीत की उपचारात्मक शक्ति " विषय पर वेबीनार का आयोजन

इंडियन एसोसिएशन ऑफ म्यूजिक थेरेपी (IAMT) एवं कु० मायावती राजकीय महिला स्नानकोत्तर महाविद्यालय बादलपुर, भारत के संयुक्त तत्वावधान में, "आध्यात्मिक संगीत की उपचारात्मक शक्ति "शीर्षक पर दिनांक 7 अप्रैल 2024 को ऑनलाइन वेबिनार आयोजित किया गया। वेबिनार का आयोजन महाविद्यालय





की प्राचार्या प्रो. (डॉ.) दिव्या नाथ के नेतृत्व में किया गया । IAMT के अध्यक्ष और जंतुविज्ञान विभाग के प्रमुख प्रो. दिनेश सी. शर्मा ने जोर देकर कहा कि संगीत की उपचार शक्ति बहुत महत्वपूर्ण है। अमेरिका के कैरोलिना म्यूजिक थेरेपी के कॉनवर्स यूनिवर्सिटी में लॉसन अकादमी की निदेशक एलिसन ह्यूगी Alison Hughey ने "आराम और आध्यात्मिक देखभाल के लिए संगीत समर्थित श्वास" पर बात की। मिसौरी, संयुक्त राज्य अमेरिका से जना कैंट Janna Cantu ने "करुणा "करुणा थकान की रोकथाम" विषय पर प्रस्तुति दी और गिटार पर "बी व्हेयर योर हैंड्स आर" नामक गीत प्रस्तुत किया, जो करुणा थकान को रोकने की क्षमता को दर्शाता है । अहमदाबाद, गुजरात के सेंट जेवियर्स कॉलेज में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मौलिक एच गदानी ने "पौधों की वृद्धि पर विभिन्न प्रकार के संगीत के प्रभाव" पर चर्चा की, जबकि अन्य वक्ताओं ने आध्यात्मिक संगीत चिकित्सा, संगीत-सक्षम शिक्षा और मछली के व्यवहार पर संगीत के प्रभाव जैसे विषयों को संबोधित किया। वेबिनार अध्यक्ष के रूप में प्रो. डॉ. दीप्ति बाजपेयी ने आध्यात्मिक संगीत चिकित्सा पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन डॉ नीतू सिंह द्वारा किया गया । वेबिनार के आयोजन में श्री अभिषेक जायसवाल एवं सुश्री सुम्बुल जेहरा का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## पुरातन छात्रा समागम



दिनांक 14 अप्रैल 2024 को महाविद्याल में पुरातन छात्रा समागम का आयोजन किया गया। समागम में महाविद्यालय की सभी विभागों की छात्राओं ने कार्यक्रम में प्रतिभागिता की। कार्यक्रम का संचालन पुरातन प्रभारी, डॉ. मिन्तु द्वारा किया गया। डॉ० मिन्तु ने समस्त छात्राओं को पुरातन छात्रा पंजीकरण की प्रक्रिया के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। पुरातन छात्राओं को शिक्षा ग्रहण करते हुए अनुभवों एवं संस्मरणों को साझा करने हेतु आमंत्रित किया। छात्राओं ने महाविद्यालय में शिक्षा ग्रहण करते हुए अपने अनुभव एवं संस्मरण और समस्त प्राध्यापकों का अपनी छात्राओं एवं महाविद्यालय के प्रति समर्पण पर अपने विचार प्रकट किए, साथ ही पुरातन छात्राओं ने प्राचार्या डॉ० दिव्या नाथ जी के कुशल निर्देशन में किस तरह महाविद्यालय ऊंचाइयों के नित नए सोपान छू रहा है, इसकी बहुशः प्रशंसा की। प्राचार्या प्रो.(डॉ०) दिव्या नाथ जी ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए ऐसे कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में जुड़ने के लिए प्रेरित किया तथा समस्त छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य हेतु अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। डॉ. बबली अरुण द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। पुरातन छात्रा समिति के समस्त सदस्यों डॉ० मणि अरोड़ा, डॉ० बबली अरुण, के साथ-साथ समस्त महाविद्यालय परिवार ने इस कार्यक्रम में भाग लेकर इसे सफल बनाने में अपना अमूल्य सहयोग दिया।

## नैक मूल्यांकन विषयक ज्ञान संवर्धन कार्यक्रम



महाविद्यालय आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ द्वारा दिनांक 16 अप्रैल 2024 को नैक मूल्यांकन विषयक ज्ञान संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नैक मूल्यांकन हेतु प्रस्तावित नवीन पद्धति से समस्त क्राइटेरिया प्रभारी को अवगत कराना था। कार्यक्रम में सर्वप्रथम प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ) दिव्या नाथ द्वारा सातों क्राइटेरिया के प्रभारियों से वर्तमान सत्र के AQAR DATA की जानकारी प्राप्त की गई। समस्त क्राइटेरिया प्रभारियों ने अपने-अपने क्राइटेरिया से संबंधित DATA के विषय में प्राचार्य को अवगत कराया तथा डेटा फाइल करने में आ रही कुछ समस्याओं की ओर प्राचार्य का ध्यान आकर्षित किया। प्राचार्य द्वारा संबंधित समस्याओं का समाधान प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात प्रोफेसर (डॉ) दिनेश चंद्र शर्मा द्वारा NAAC की ओर से प्रस्तावित नवीन मूल्यांकन पद्धति से सभी को परिचित कराया गया। उन्होंने कहा कि अब NAAC में 07 की जगह 10 क्राइटेरिया निर्धारित किए जा रहे हैं। हमें अपनी आगामी SSR में 10 क्राइटेरिया के अनुसार डेटा एंट्री करनी होगी। हमें अपना संपूर्ण डेटा सम्यक रूप से एकत्रित कर लेना चाहिए, जिससे नवीन रूपरेखा के अनुसार SSR पूर्ण करने में अधिक समय ना लगे। कार्यक्रम के अंत में IQAC प्रभारी प्रोफेसर (डॉ) दीप्ति वाजपेयी ने कहा कि महाविद्यालय में गुणवत्ता संवर्धन हेतु निरंतर नवोंन्मेष और नवाचार हो रहे हैं। हम

निश्चित ही NAAC की नवीन रूपरेखा में भी महाविद्यालय के समस्त कार्यों को सम्यक रूप से प्रदर्शित कर पाने में सफल होंगे। SSR से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श के उपरांत धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## रोजगार मेले का आयोजन






महाविद्यालय के कैरियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा 6 मई 2024 को रोज़गार मेला का आयोजन किया गया है। मेले का उद्घाटन आदरणीय प्राचार्य प्रो. (डॉ.) दिव्या नाथ ने फीता काटकर किया। डॉ. श्वेता सिंह ने कार्यक्रम का समन्वय किया और इनफिसपार्क सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड एवं मैजिकबस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा बुलायी गयी कंपनियों का परिचय दिया। कॉलेज के अंतिम वर्ष की छात्राओ और पूर्व छात्राओ के ऑन-कैंपस प्लेसमेंट चयन के लिए कुल सात कंपनियां आईं। टेली कॉलिंग मैनेजर, डेटा एंट्री मैनेजर, कैटरिंग सर्विस सुपरवाइज़र और मैनेजर, सेल्स और मार्केटिंग जॉब आदि के पद के लिए सौ से अधिक छात्र इन कंपनियों के साक्षात्कार के लिए उपस्थित हुए। 50 से अधिक छात्राओं को नौकरी के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया। उन्हें जल्द ही इन कंपनियों से ऑफर लेटर प्राप्त होंगे। सुश्री चेलाना जैन, इंफिसपार्क से श्री समीर हुसैन, आरके सर्विसेज से श्री भूमंजय सिंह और मैजिक बस से श्री शादाब ने प्लेसमेंट सेल की संयोजक डॉ. शिवानी वर्मा के साथ इस प्लेसमेंट ड्राइव के लिए समन्वय किया।


## इतिहास विभाग में पीएच. डी. वायवा संपन्न



महाविद्यालय के इतिहास विभाग में इतिहास की प्राध्यापिका प्रो. डॉ निधि रायजादा के निर्देशन में 18 मई 2024 को शोधार्थी सुषमा रानी का फाइनल पीएच. डी. वायवा संपन्न हुआ। सुषमा का शोध विषय था - "भारतीय इतिहासकारों पर मार्क्सवादी विचारधारा का प्रभाव" पीएच. डी. वायवा हेतु बाह्य परीक्षक के रूप में गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय हरिद्वार से प्रो० डॉ रेनू शुक्ला उपस्थिति रहीं। इसमें महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर डॉ दिव्या नाथ सहित महाविद्यालय की शोध समिति के सभी सदस्य एवं महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक तथा विभिन्न विभागों के शोधार्थी उपस्थित रहें।


## 'पॉजिटिव साइकोलॉजी फॉर एक्सीलेंस' विषय पर वेबीनार का आयोजन

कु० मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बादलपुर एवं मान्यवर कांशीराम राजकीय महाविद्यालय,गाजियाबाद के राजनीति विज्ञान विभागों के संयुक्त सौजन्य से दिनांक 30 मई, 2024 को एक वेबीनार का आयोजन किया गया। वेबीनार का विषय 'पॉजिटिव साइकोलॉजी फॉर एक्सीलेंस' था। वेबीनार के



मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. डी. सुब्बाराव ,वरिष्ठ प्रबंधक, एनटीपीसी, दरलीपली, उड़ीसा ने छात्र-छात्राओं को मनोरंजन संवाद के साथ जीवन में उत्कृष्टता हासिल करने हेतु सकारात्मक मनोविज्ञान को विकसित करने के गुर बताए। वेबीनार की अध्यक्षता प्राचार्यद्वय प्रो. डॉ. दिव्या नाथ एवं प्रो. डॉ. संगीता गुप्ता द्वारा तथा संचालन प्रो डॉ ममता उपाध्याय के द्वारा किया गया। वेबीनार में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं एवं प्राध्यापकों के द्वारा सहभागिता की गई। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. राजीव वर्मा के द्वारा किया गया। वेबीनार मे राजनीति विज्ञान विभाग के प्राध्यापकों डॉ. सीमा देवी एवं डॉ. रंजना उपाध्याय द्वारा सक्रिय सहभागिता की गई । यह कार्यक्रम विभाग की एक प्रमुख कॉलबोरेटिव गतिविधि थी।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस



महाविद्यालय में क्षेत्रीय कार्यालय मेरठ से प्राप्त निर्देशों के क्रम में दिनांक 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में 31 मई से 21 जून 2024 तक विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस क्रम में सर्वप्रथम प्राचार्य डॉ. दिव्या नाथ के निर्देशन में मुख्य शास्ता डॉ. रश्मि कुमारी द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमे छात्राओं ने तम्बाकू के दुष्परिणामों को दर्शाने वाले आकर्षक पोस्टर निर्मित किए। इसकी अगली श्रृंखला में डॉ जूही बिरला, डॉ. मीनाक्षी लोहनी एवं डॉ. अरविंद यादव द्वारा शपथ ग्रहण समारोह एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने तंबाकू सेवन न करने की शपथ ली तथा जागरूकता रैली के माध्यम से ग्राम बादलपुर निवासियों को तंबाकू के दुष्प्रभाव से परिचित कराया।तंबाकू के विषय में छात्राओं को और जागरूक करने के उद्देश्य से ऑनलाइन व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ. निशा यादव एवं डॉ बॉबी यादव ने तंबाकू के दुष्प्रभाव और तंबाकू सेवन छोड़ने की दिशा में हो रहे सामाजिक कार्यों से छात्राओं को परिचित कराया। डॉ. दीप्ति वाजपेयी एवं डॉ. मिंतू द्वारा "तंबाकू सेवन रोकने के उपाय और तंबाकू सेवन के खतरे" विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रमों की लंबी श्रृंखला का समापन 21 जून 2024 को योग दिवस के अवसर पर किया गया । जिसमें योग करने के साथ-साथ सभी छात्राओं और प्राध्यापकों ने तंबाकू सेवन न करने की शपथ भी ली।

## अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

दिनांक 21 जून 2024 को महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया । यह आयोजन रेंजर्स , राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों ईकाइयों एवं क्रीड़ा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। 'योगस्य चित्तवृत्ति निरोध: ' के सूत्र वाक्य को केंद्र मे रखकर क्रीड़ा विभाग प्रभारी डॉ. सत्यन्त कुमार के





निर्देश न में छात्रा कु. तनीशा नागर और कु. तनु ने कार्यालय अधीक्षक श्री महेश भाटी जी के साथ महाविद्यालय की छात्राओं को योग करवाया। योग शिविर का आयोजन गायत्री मंत्रोच्चार के साथ किया गया। छात्राओं ने सूर्य नमस्कार , ताड़ आसन, वृक्ष आसन, त्रिकोण आसन, बल आसन आदि अनेक आसनों के साथ योगाभ्यास किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. दिव्या नाथ जी ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को योग का महत्व बताते हुए उसके द्वारा होने वाले शारीरिक एवं मानसिक विकास पर प्रकाश डाला । प्राचार्य जी ने बताया नियमित योगाभ्यास से हम अपने जीवन में अनुशासन ला सकते हैं और प्रगति के पथ पर अग्रसर हो सकते हैं । इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. सीमा देवी एवं डॉ. अपेक्षा तिवारी, रेंजर्स प्रभारी डॉ. भावना यादव एवं डॉ. बॉबी यादव क्रीड़ा प्रभारी डॉ. सत्यंत कुमार एवं डॉ. परवेज़ शमीम एवं महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक उपस्थित थे।

# महिला प्रकोष्ठ की विभिन्न गतिविधियाँ

महाविद्यालय में प्राचार्या प्रोफेसर (डॉ) दिव्या नाथ के कुशल निर्देशन में महिला प्रकोष्ठ के अंतर्गत छात्राओं के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। 11 से 17 जनवरी 2024 तक सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत छात्राओ को यातायात नियमों संबंधी जानकारी प्रदान की गई और रैलिया,संभाषण एवं निबंध प्रतियोगिता आदि आयोजित की गई। 12 जनवरी 2024 को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर महिला प्रकोष्ठ द्वारा एक संगोष्ठी





का आयोजन कर स्वामी विवेकानंद के जीवन मूल्यों से छात्राओं को परिचित कराया गया। 25जनवरी 2024 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय स्टाफ एवं सभी छात्राओं को मतदान की शपथ दिलाई गई और इसके साथ ही वोट के अधिकार का महत्व भी समझाया गया। 25 जनवरी 2024 को छात्राओं के लिए 'चुप्पी तोड़ो खुल कर बोलो ' विषय पर परामर्श सत्र का भी आयोजन किया गया।

30 जनवरी 2024 को महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि एवं शहीद दिवस के अवसर पर गांधी जी के जीवन दर्शन और मूल्यों से छात्राओं को अवगत कराया गया।

महिला प्रकोष्ठ द्वारा 11 मार्च 2024 को लैंगिक समानता विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी के अंतर्गत महिलाओं द्वारा उनके दैनिक जीवन में प्रस्तुत चुनौतियों, समस्याओं और समाधान विषय पर विस्तार से चर्चा की गई। 6 अप्रैल 2024 को महाविद्यालय की प्राथमिक चिकित्सा समिति के साथ महिला प्रकोष्ठ ने एक निशुल्क चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया। इस शिविर में छात्राओं की निशुल्क जांच के साथ-साथ पोषण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी भी प्रदान की गई। संपूर्ण कार्यक्रमों के आयोजन में महिला प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो (डॉ) आशा रानी एवं समिति के सभी सदस्य डॉ रमाकांति, डॉ सोनम शर्मा, श्रीमती माधुरी पाल, डॉ अपेक्षा तिवारी, डॉ अनुपम, डॉ विनीता सिंह और डॉ रंजना उपाध्याय का सक्रिय एवं महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# इनोवेशन काउन्सिल की विविध गतिविधियाँ

महाविद्यालय प्राचार्या प्रो (डॉ) दिव्या नाथ की अध्यक्षता एवं मार्गदर्शन में इनोवेशन काउंसिल के तत्वावधान में राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 12 जनवरी को स्वामी विवेकानन्द से संबंधित निबंध प्रतियोगिता एवं पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

दिनांक 15 फरवरी 2024 को "प्रोबलम सॉल्विंग और आईडिएशन वर्कशॉप "का आयोजन किया गया इस कार्यशाला के मुख्य वक्ता डॉक्टर कुंवर लाइक अहमद खान डीन ओफ इन्नोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप काउंसिल, काइट, मुरादनगर रहे। दिनांक 14 मार्च 2024 को प्रोफेसर डॉ रीना सिंह विभागाध्यक्ष,





अर्थशास्त्र विभाग, एमएस कॉलेज गाजियाबाद द्वारा इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट पर एक व्याख्यान दिया। इंपैक्ट लेक्चर सीरीज के दो सत्रों का आयोजन 8 मई 2024 व 20 मई 2024 को किया गया। दिनांक 8 में 2024 को डॉक्टर कुमारी लिपि कोऑर्डिनेटर ,NIPAM- TIFAC द्वारा "How to become IPR trail blazer" पर एक व्याख्यान दिया। दूसरे सत्र में डॉक्टर कुवर लाइक अहमद खान ने इंपैक्ट ऑफ़ सोशल एंटरप्रेन्योरशिप ओन लोकल कम्युनिटी पर सारगर्वित व्याख्यान प्रस्तुत किया।

दिनांक 20 मई 2024 को दीक्षा राय डिप्टी मैनेजर मार्केटिंग, अटल इनक्यूबेशन सेंटर ,बीईमटेक ने "गवर्नमेंट पॉलिसी एंड बेनिफिट फॉर वूमेन एंटरटेनरशिप पर एक व्याख्यान दिया व प्रोफेसर (डॉ ) एस के वर्मा डायरेक्टर स्कूल आफ बिजनेस मैनेजमेंट , नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, ने "कल्टीवेटिंग स्टार्टअप्स इकोसिस्टम इन हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूशंस : फ्रॉम आईडिएशन टू कमर्शियल सक्सेस "पर व्याख्यान दिया । इनोवेशन काउंसिल के अध्यक्ष प्रो (डॉ) डी सी शर्मा , उपाध्यक्ष प्रो (डॉ) अनीता सिंह , समन्वयक प्रो (डॉ) शिवानी वर्मा व काउंसिल के सदस्यों के अमूल्य सराहनीय योगदान के द्वारा सभी कार्यक्रम संपन्न किए गए।

# करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

महाविद्यालय में कैरियर काउंसलिंग कमेटी द्वारा छात्राओ के लिए रोजगार कौशल पर हकदर्शक कंपनी के सहयोग से ऑनलाइन प्रशिक्षण का आयोजन 28 दिसंबर





2023- 4 जनवरी 2024 तक किया गया। 19 फरवरी - 24 फरवरी तक नंदी फाउंडेशन (महिंद्रा समूह) के सहयोग से कैरियर काउंसलिंग कमेटी द्वारा बी.एड छात्राओं के लिए एक सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। दिनांक 15 फरवरी से 21 फरवरी 2024 तक मैजिक बस कंपनी के सहयोग से कैरियर काउंसलिंग समिति द्वारा अंतिम वर्ष की छात्राओ और पूर्व छात्राओं (Alumni) के लिए एक सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। दिनांक 22 फरवरी 2024 को दृष्टि आईएएस (Drishti IAS) के सहयोग से कैरियर काउंसलिंग कमेटी द्वारा "सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कैसे करें" विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। 6 मई 2024 को कॉलेज के कैरियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा जॉब फेयर (रोज़गार मेला) का आयोजन किया गया है। कॉलेज के अंतिम वर्ष की छात्राओ और पूर्व छात्राओ के ऑन-कैंपस प्लेसमेंट चयन के लिए कुल सात कंपनियां आईं। सभी कार्यक्रमों का उद्घाटन आदरणीय प्राचार्य प्रो दिव्या नाथ के कर कमलों द्वारा किया गया । सभी ट्रैनिंग्स के उपरांत छात्राओ को सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। सभी कार्यक्रम समिति प्रभारी - प्रो शिवानी वर्मा ,सह प्रभारी - डा श्वेता सिंह, सदस्य - डा ऋचा, डा मणि अरोड़ा, डा विनीता सिंह एवं डा अभिषेक जायसवाल के उल्लेखनीय सहयोग से संपन्न किए गए।

# सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम



महाविद्यालय की सड़क सुरक्षा जागरूकता समिति के तत्वावधान में प्राचार्य प्रोफेसर डॉ दिव्या नाथ के निर्देशन में दिनांक 26 जनवरी से 14 फरवरी 2024 के दौरान सड़क सुरक्षा माह एवं 22 अप्रैल 2024 से 02 मई 2024 के दौरान पुनः सड़क सुरक्षा पखवाड़ा द्वितीय मनाया गया। इस दौरान महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा जागरूकता के प्रसार हेतु जागरूकता रैली, पोस्टर, रंगोली, सड़क सुरक्षा जागरूकता शपथ ग्रहण, भाषण, क्विज, संगोष्ठी आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । जिसमें महाविद्यालय की समस्त छात्राओं ने अत्यंत उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया । एवं सभी को सड़क दुर्घटना से सावधानी रखने के लिए जागरूक किया । सड़क सुरक्षा जागरूकता की इन्हीं प्रतियोगिताओं के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता में मंडल एवं राज्य स्तर पर महाविद्यालय की बीएड द्वितीय वर्ष की छात्रा कल्पना कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया।

## विभिन्न विभागों द्वारा शैक्षणिक भ्रमण





महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो० डॉ० दिव्या नाथ के निर्देशन में दिनांक 21 फरवरी 2024 से 24 फरवरी 2024 तक वीवॉक् एवं विज्ञान संकाय की छात्राओं के लिए शिमला एवं चंडीगढ़ में शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया। 21 फरवरी को डॉ आजाद आलम सिद्दीकी एवं डॉ अभिषेक जायसवाल के साथ छात्राओं ने शिमला के लिए प्रस्थान किया। 22 एवं 23 फरवरी को शिमला के विभिन्न स्थानों जैसे इंस्टिट्यूट ऑफ़ एडवांस्ड स्टडीज, म्यूजियम, जाखू टेंपल, माल रोड, कुफरी एवं नारकण्डा आदि पर भ्रमण किया। दिनांक 24 फरवरी को छात्राओं ने चंडीगढ़ के रॉक गार्डन एवं रोज गार्डन में भ्रमण किया। दिनांक 12 मार्च, 2024 को राजनीति विज्ञान विभाग के सौजन्य से राष्ट्रपति भवन स्थित 'अमृत उद्यान' के अवलोकन हेतु स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं की छात्राओं हेतु एक शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इससे छात्राओं ने हजारों फूलों से युक्त उद्यान की ऐतिहासिकता एवं उसकी कूटनीतिक उपयोगिता के विषय मे जानकारी प्राप्त की। निस्संदेह उद्यान के मनोरम दृश्य ने छात्रों को तनाव मुक्त कर नई ऊर्जा से ऊर्जस्वित किया। भ्रमण का आयोजन डॉ. ममता उपाध्याय द्वारा इतिहास विभाग की प्रोफेसर डॉ. निधि रायज़ादा के सहयोग से किया गया । दिनांक 13 मई 2024 को राजकीय आईटीआई कालेज बादलपुर, गौतमबुद्ध नगर में संस्कृत विभाग समाजशास्त्र विभाग एवं भूगोल विभाग के प्राध्यापकों के साथ छात्राओं ने भ्रमण किया । वहाँ छात्राओं ने उत्तर प्रदेश सरकार एवं टाटा टेक्नोलॉजी के सहयोग से आयोजित एकदिवसीय कार्यशाला में प्रतिभागिता की । उक्त कार्यशाला में शॉर्ट टर्म एवं लॉन्ग टर्म कोर्सेज के विषय में विस्तृत जानकारी दी गयी। कोर्सेज से सम्बन्धित विभिन्न प्रकार की मशीनों की कार्यप्रणाली , प्रयोग एवं महत्व से छात्राओं को अवगत कराया । छात्राओं ने भी बहुत एकाग्रता से जानकारी प्राप्त की तथा उन कोर्सेज को करने की इच्छा भी प्रकट की। उक्त कार्यशाला में संस्कृत विभाग से प्रो डॉ दीप्ति बाजपेयी, डॉ नीलम शर्मा, डॉ कनकलता व डॉ शिखा रानी, भूगोल विभाग से डॉ मीनाक्षी लोहानी डॉ कनक कुमार एवं डॉ निशा यादव तथा समाजशास्त्र विभाग से डॉ विनीता सिंह छात्राओं के साथ उपस्थित रहीं।

## शिक्षक शिक्षा विभाग की विविध गतिविधियां





महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर डॉ दिव्या नाथ के कुशल मार्गदर्शन में शिक्षक शिक्षा विभाग द्वारा दिनाँक 25/12/23 से दिनाँक 06/01/24 तक सूक्ष्म शिक्षण अभ्यास कराया गया। दिनाँक 17/01/24 से दिनाँक 17/02/24 तक अनुकरणीय एवं वृहद शिक्षण अभ्यास ब्लू डायमंड पब्लिक स्कूल में कराया गया। दिनाँक 19/02/24 से दिनाँक 23/02/24 तक छात्राओं के रोजगार कौशल विकास हेतु पांच दिवसीय रोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन महिन्द्रा रिसेस एंड नंदिनी फाउंडेशन के तत्वावधान में किया गया। सम्मलित छात्राओं को प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराए गए। दिनाँक 21 फरवरी 2024 को विद्यार्थियों की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु मार्गदर्शन के दृष्टिगत एक दिवसीय कार्यशाला "संवाद" का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता श्री जितेंद्र भारद्वाज, निदेशक,बेकन आई.ए.एस,मॉडल टाउन, नई दिल्ली रहे। दिनाँक 13 एवं 14 मार्च 2024 को बी.एड.प्रथम वर्ष की छात्राओं हेतु कला एवं सौन्दर्यकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। दिनाँक 15 एवं 16 मार्च 2024 को रीडिंग एंड रेफ़्लेक्टिंग ऑन टेक्स्ट पर कार्यशाला आयोजित की गई। दिनाँक 19 से 23 मार्च 2024 तक भाषा क्षमता संवर्धन विषय पर पांच दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। संपूर्ण कार्यक्रम के आयोजन में विभाग प्रभारी डॉ संजीव कुमार के साथ विभाग के समस्त प्राध्यापकों का उल्लेखनीय योगदान रहा।

## संस्कृत विभाग में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन





माह जनवरी से लेकर जून माह तक संस्कृत विभाग में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस क्रम में 15 फरवरी से 26 फरवरी 2024 तक आर्य कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय हापुड़ एवं महाविद्यालय के संस्कृत विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संस्कृत भारती द्वारा सरल संस्कृत संभाषण कार्यशाला का ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से आयोजन किया गया, जिससे विभाग की छात्राएं विशेष रूप से लाभान्वित हुई ।

संस्कृत में करियर की संभावनाओं को देखते हुए 28 फरवरी को करियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ एम.एल.यादव मुख्य वक्ता के रूप में रहे । उन्होंने 'संस्कृत की भावी संभावनाएं विषय पर व्याख्यान दिया। 02 मार्च को शिक्षक-अभिभावक सम्मेलन एवं 20 अप्रैल को पुरातन छात्र समागम का आयोजन किया गया, साथ ही विभाग में 'आयुर्वेदिक उपचर्या एवं पंचकर्म चिकित्सा' विषयक स्किल कोर्स का सफलतापूर्वक संचालन किया गया ।

छात्राओं में शोध परक दृष्टि के विकास हेतु दिनांक 06 फरवरी को स्नातक एवं स्नातक को स्तर पर 'आधुनिक संस्कृत साहित्य में सामाजिक विमर्श' एवं 'भारतीय ज्ञान परंपरा में नैतिक मूल्य' विषय पर दो विभागीय सेमिनार आयोजित किए गए, जिसमें विभाग प्राध्यापिकाओं के निर्देशन में छात्राओं ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए



। छात्र हित में किए जाने वाले कार्यों की लंबी श्रृंखला के अंतर्गत विभाग में 'श्रीमद्भगवतगीता एवं विश्व कल्याण' विषयक वैल्यू एडेड कोर्स का निर्माण एवं संचालन किया गया ।

इस क्रम में दिनांक 21 मई को पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण निवारण पर विभाग की कार्यशाला आयोजित हुई, जिसमें प्रथम सत्र में छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता एवं बढ़ते वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए यज्ञों की उपयोगिता पर व्याख्यान दिया गया । इसके द्वितीय सत्र में छात्राओं ने रैली निकालकर ग्राम वासियों को पर्यावरण संरक्षण हेतु जागरूक किया तथा घर-घर जाकर वातावरण में व्याप्त कीटाणुओं के नाश के लिए यज्ञों के महत्व से परिचित कराया एवं समय समय पर यज्ञ विधान हेतु प्रेरित किया। छात्राओं को पर्यावरण प्रदूषण के प्रति सजग करने हेतु प्लास्टिक फाइल कवर को प्रतिबंधित करते हुए कागज या गत्ते की फाइल में असाइनमेंट जमा करने के लिए एवं कपड़े से निर्मित बैग आदि के प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया ।

नई शिक्षा नीति 2022 के उद्देश्यों के दृष्टिगत स्नातक स्तर पर आउटरीच असाइनमेंट दिए गए, जिसमें छात्राओं ने भारतीय संस्कृति से संबंधित पुस्तकों गीता रामायण आदि में निहित नैतिक मूल्यों को ग्रामीणों को पढ़ाया एवं ज्ञान संवर्धन की दिशा में प्रचार प्रसार का कार्य किया।

दिनांक 13 मई को छात्राओं में कौशल विकास के उद्देश्य से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गौतम बुद्ध नगर शैक्षिक भ्रमण हेतु ले जाया गया, जहां छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के विकास कौशल विकास पाठ्यक्रम का प्रयोगात्मक ज्ञान प्राप्त किया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई की विभिन्न गतिविधियां

महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ सीमा देवी के नेतृत्व में विभिन्न कार्यक्रमों एवं कैंप का आयोजन किया गया । जनवरी-फरवरी





एवं मार्च माह में चार एक दिवसीय एवं एक सात दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया सभी शिविर में समस्त 100 स्वयंसेवी छात्राओं ने प्रतिभाग किया राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम इकाई में सात दिवसीय शिविर का आयोजन दिनांक 12 -18 मार्च के मध्य डेरीमच्छा ग्राम के प्राथमिक विद्यालय में किया गया जिसमें 50 शिवार्थियों ने प्रतिभाग किया। सात दिवसीय शिविर के प्रथम दिवस पर कैंप का उद्घाटन बादलपुर की प्राचार्या प्रो(डॉ) दिव्या नाथ के द्वारा रिबन काटकर किया गया. बौद्धिक सत्र में डॉ दीप्ति बाजपेयी द्वारा व्यक्तित्व विकास, डॉ विनीता सिंह एवं डॉ नीलम शर्मा द्वारा स्वयंसेवी में अनुशासन का महत्व तथा डॉ शिल्पी द्वारा पौष्टिक भोजन और स्वास्थ्य महत्व पर व्याख्यान दिया गया । डॉ निधि रायजादा द्वारा पर्यावरण एवं सतत विकास डॉ मिंतु द्वारा प्राकृतिक आपदा विषय पर व्याख्यान दिया गया। तृतीय दिवस पर प्रो रश्मि ने भारतीय संस्कृति एवं राष्ट्रीय गौरव विषय में, प्रो दिनेश चंद्र शर्मा द्वारा कुशल भारत डिजिटल भारत विषय पर व्याख्यान दिया गया डॉ प्रवेश कुमार फिजिशियन मेडिसिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बादलपुर गौतम बुद्ध नगर द्वारा छात्राओं में स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं एवं निदान विषय पर व्याख्यान दिया एवं मुफ्त औषधि वितरण किया गृह विज्ञान विभाग द्वारा छात्राओं को ब्लॉक पेंटिंग एवं टाई एवं डाई जैसी विभिन्न स्किल सिखाई गई । इसी श्रृंखला में श्री बहादुर जी द्वारा छात्राओं को योगाभ्यास कराया गया बादलपुर थाना क्षेत्र की पुलिसकर्मी श्रीमती विनय चौधरी एवं श्रीमती सीमा द्वारा महिला सुरक्षा पर व्याख्यान दिया। डॉ कविता वर्मा ,डॉ निशा, डॉ आशा, डॉ कनक ,डॉ प्रवेश शमीम द्वारा छात्राओं से बौद्धिक विषयों पर संवाद करके बताया गया कि राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़ा हुआ युवा वर्ग देश के विकास पर किस प्रकार भागीदार बन सकता है इसके अतिरिक्त छात्राओं ने प्रौढ़ शिक्षा ,पर्यावरण, स्वच्छता, महिला शिक्षा, पौधारोपण, मतदान जागरूकता, डिजिटलीकरण पंजीकरण से संबंधित रैली एवं जन जागरूकता कार्यक्रम चलाए गए। शिविर का समापन स्वावलंबन मेले के साथ किया गया । इसके अतिरिक्त सड़क सुरक्षा संबंधित नियमों की जानकारी एवं जागरूकता हेतु पोस्टर प्रतियोगिता एवं रैली का आयोजन किया गया । दिनांक 21 जून 2024 अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित योग कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम इकाई के सभी सदस्यों स्वयंसेवी छात्राओं एवं महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक को ने योगाभ्यास करते हुए योग के महत्व को आत्मसात करने का प्रयत्न किया। समस्त कार्यक्रमों का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ दिव्या नाथ के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई के सदस्य डॉ बबली अरुण, डॉ निशा , डॉ माधुरी पाल, डॉ कविता वर्मा एवं महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक का सहयोग सराहनीय रहा।

## राष्ट्रीय सेवा योजना द्वितीय इकाई की विविध गतिविधियाँ

महाविद्यालय में गठित राष्ट्रीय सेवा योजना की द्वितीय इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ अपेक्षा तिवारी के निर्देशन एवं प्राचार्या डॉ दिव्या नाथ की अध्यक्षता में अधिग्रहित ग्राम सादोपुर में 4 एक दिवसीय शिविर एवं सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन दिनांक 12 से 18 मार्च तक किया गया। विशेष शिविर का उद्घाटन प्राचार्या डॉ दिव्या नाथ के कर कमलों द्वारा किया गया। स्वयंसेवी छात्राओं द्वारा विभिन्न विषयों पर विभिन्न सामाजिक कार्यक्रम जैसे साक्षरता स्वच्छता मताधिकार का प्रयोग एवं जागरूकता, महिला सुरक्षा, सड़क सुरक्षा एवं जागरूकता संबंधी कार्यक्रम एवं रेलियां का आयोजन पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन, वृक्षारोपण, स्वास्थ्य रक्षा ,योग एवं उपचार आदि कार्यक्रमों का आयोजन करके ग्राम वासियों को लाभान्वित किया गया। साथ ही विशेष शिविर के दूसरे सत्र में छात्राओं के मनोविकास को ध्यान में रखकर प्रसार व्याख्यान आयोजित किए गए जिसमें गौतम बुद्ध नगर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री मनोज शर्मा, सचिव नितिन वर्मा एवं श्री हरीश कश्यप , सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बादलपुर से डॉक्टर रणवीर सिंह एवं सदस्य, आर वी हायर एजुकेशन इंस्टिट्यूट के कार्यक्रम अधिकारी डॉ संतोष शर्मा, दिव्य फाउंडेशन से श्री करण सिंह , स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया प्रबंधक श्री श्री योगेंद्र कुमार, डायट डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर श्री महेश कुमार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर, सब






इंस्पेक्टर श्रीमती निकिता गोयल द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण, ग्राम प्रधान सादोपुर श्री नागेंद्र वैसोया द्वारा सतत ग्रामीण विकास, संकल्प संस्था के अध्यक्ष श्री भूपेंद्र नगर एवं सचिव श्री अमित नगर द्वारा महिला स्वास्थ्य एवं संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण, प्रधानाध्यापक श्री जगकिशोर शर्मा, श्रीमती उषा देवी प्राथमिक विद्यालय सादोपुर आदि एवं महाविद्यालय के विभिन्न विषय विशेषज्ञों के प्रभावशाली वक्तव्य एवं उद्बोधन से छात्राएं विशेष रूप से लाभान्वित हुई साथ ही दोनों इकाइयों के शिविर में मतदान संबंधी जागरूकता, हेल्थ चेकअप कैंप, योग शिविर का भी आयोजन किया गया तृतीय सत्र में छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं यथा फूल सज्जा, अनुपयोगी से उपयोगी वस्तुएं बनाना, फ्लावर पॉट सजा, डस्टबिन निर्माण,रंगोली ,लोकगीत एवं लोक नृत्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिनमें विजयी छात्राओं को विभागीय परिषद पुरस्कार वितरण समारोह में पुरस्कृत किया गया। शिविर का समापन महाविद्यालय प्रांगण में अस्मिता स्वावलंबन मेले का आयोजन कर किया गया। इसके अतिरिक्त दिनांक 12 जनवरी को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष पर अभिभाषण एवं माननीय मुख्यमंत्री श्री आदित्यनाथ योगी जी के अभिभाषण का सजीव प्रसारण एवं दिनांक 25 जनवरी को मतदान दिवस पर रैली, पोस्टर प्रतियोगिता एवं हस्ताक्षर अभियान का आयोजन, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर दिनांक 15 जून से 21 जून तक योग एवं स्वास्थ्य रक्षा विषय पर छात्राओं द्वारा योगाभ्यास भाषण एवं जागरूकता संबंधी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की सड़क सुरक्षा समिति एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के सौजन्य से गठित रोड सेफ्टी क्लब में भी राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों की स्वयंसेवियों द्वारा प्रत्येक माह में सड़क सुरक्षा संबंधी जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसके साथ ही साथ महाविद्यालय में गठित महिला प्रकोष्ठ समिति एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के सौजन्य से महिला स्वास्थ्य संवर्धन हेतु संतोष मेडिकल कॉलेज द्वारा आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में पूर्ण सहयोग किया गया।

## राष्ट्रीय कैडेट कोर की विभिन्न गतिविधियां







महाविद्यालय में संचालित एन.सी.सी इकाई द्वारा माननीय प्राचार्या प्रोफ़ेसर डॉ. दिव्या नाथ के कुशल और परिपक्व निर्देशन में एकता और अनुशासन के आदर्श वाक्य का अनुसरण करते हुए कैडेट्स को राष्ट्रीय विकास में योगदान देने के लिए नित्य प्रोत्साहित किया जाता है ताकि उनमें धर्म, भाषा,संस्कृति एवं जातीय विविधिताओं के प्रति सामाजिक सामंजस्य और स्वीकार्यता का सकारात्मक भाव विकसित हो सके। एसोसिएट एन.सी.सी ऑफिसर लेफ्टिनेंट डॉ. मीनाक्षी लोहानी के नेतृत्व में विभिन्न गतिविधियों में सहभागिता एवं कार्यक्रमों को आयोजित किया गया। कैडेट पायल भाटी द्वारा पंचशील बालक इंटर कॉलेज, नोएडा में आयोजित प्री.आर.डी.सी. शिविर में प्रतिभाग किया गया। महाविद्यालय की सत्रह कैडेट्स द्वारा दिनाँक 17 मार्च, 2024 को चार मूर्ति चौक,नोएडा पर आयोजित एच.सी.एल. सायक्लोथॉन में सहभागिता कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। दिनाँक 04 मई,2024 को 13 यू.पी.गर्ल्स एन.सी.सी बटालियन,गाज़ियाबा

ट्रांसफर स्कीम के तहत ख़रीदे गए सामान का भौतिक सत्यापन किया गया।

महाविद्यालय की 20 एन.सी.सी कैडेट्स द्वारा दिनाँक 16 से 25 मई,2024 तक सुन्दरदीप ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन में आयोजित सी.ए.टी. सी. शिविर में प्रतिभाग कर पाँच प्रतियोगिताओं में मैडल प्राप्त किये गए। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित वृक्षारोपण अभियान के तहत महाविद्यालय की कैडेट्स द्वारा दिनाँक 05 जून,2024 को महाविद्यालय में वृक्षारोपण किया गया। महाविद्यालय की पांच कैडेट्स द्वारा दिनाँक 10 - 20 जून,2024 तक हिंडन अस्पताल में आयोजित हॉस्पिटल अटैचमेंट कैम्प में प्रतिभाग किया गया।

लेफ्टिनेंट डॉ. मीनाक्षी लोहानी को 75 वें गणतंत्र दिवस शिविर-2024 में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने के लिए उत्तर प्रदेश की महामहीम राज्यपाल महोदया श्रीमती आनंदी बेन पटेल द्वारा दिनाँक 03 फरवरी 2024 को लखनऊ में सम्मानित किया गया।

## जन्तु विज्ञान विभाग को DST - CURIE प्रोजेक्ट की प्राप्ति

महाविद्यालय की प्राचार्या महोदया के दिशा निर्देशन में जंतु विज्ञान विभाग को अक्टूबर 2023 में DST -CURIE Project प्राप्त हुआ। महाविद्यालय की NIRF / NAAC के उच्च स्कोर को उपर्युक्त प्रोजेक्ट प्राप्ति में DST द्वारा आधार बनाया गया। प्रोजेक्ट के Principal Investigator जंतु विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो० (डॉ०) डी० सी० शर्मा के सकारात्मक प्रयासों के परिणामस्वरूप यह महत्त्वपूर्ण उपलब्धि विभाग को प्राप्त हुई है। प्रोजेक्ट में असि० प्रो० श्रीमती नीतू सिंह Co - Investigator के रूप में कार्य कर रही हैं। DST कार्यक्रम देश के महिला संस्थानों (महिला वि० वि० तथा महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालयों ) में R&D base एवं Research Facilities को बढ़ावा देने में सहयोग तथा प्रोत्साहन प्रदान करता है। उक्त प्रोजेक्ट के अंतर्गत महा० को रुपये 12300000 की ग्रांट प्राप्त होगी जिसे DST -CURIE द्वारा विभिन्न मदों के अंतर्गत तथा कार्यानुसार प्रदान किया जाता है।

## महाविद्यालय प्राध्यापकों की विभिन्न उपलब्धियाँ





महाविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो० (डॉ०) दिनेश चंद्र शर्मा SLQAC (State Level Quality Assurance Cell ) सदस्य सचिव के महत्त्वपूर्ण पद पर कार्य कर रहे हैं। उक्त प्रकोष्ठ का गठन माननीय शिक्षा मंत्री जी की अध्यक्षता में उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश में सुधार के उद्देश्य से किया गया है। प्रो० (डॉ०) दिनेश चंद शर्मा समर्थ पोर्टल के State Nodal Officer के रूप में पदासीन हैं, जिसके अंतर्गत चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ, आगरा, अलीगढ़ एवं सहारनपुर के विभिन्न विश्वविद्यालय को शामिल किया गया है। समर्थ पोर्टल शिक्षा के Digitalization की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम है। उक्त पोर्टल के माध्यम से भविष्य में शिक्षा विभाग से सम्बंधित समस्त कार्य डिजिटल माध्यम से ही संपन्न किये जा सकेंगे जिससे लालफीताशाही व भ्रष्टाचार पर लगाम लगाई जा सकेगी। इसके अतिरिक्त 2024 में राज्य स्तरीय PM -USHA के Planning Approval Board Member के रूप में भी कार्य कर रहे हैं।

महाविद्यालय के हिंदी विभाग की विभागाध्यक्षा प्रोफ़ेसर डॉ रश्मि कुमारी को 8 मार्च 2024 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउंडेशन नेपाल द्वारा ‘‘महिला शक्ति काव्य रत्न सम्मान’’ से सम्मानित किया गया। संस्कृत विभागाध्यक्षा



प्रोफ़ेसर डॉ दीप्ति वाजपेयी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 9 मार्च 2024 को एनवायरनमेंट एंड सोशल डेवलपमेंट एसोसिएशन दिल्ली एवं डॉ स्वर्ण चावला मेमोरियल फाउंडेशन दिल्ली के द्वारा ITS मोहन नगर गाजियाबाद में वूमेन अचीवर अवार्ड से सम्मानित किया गया। एसोसिएट एन.सी.सी. ऑफिसर लेफ्टिनेंट डॉ. मीनाक्षी लोहानी द्वारा नारी-शक्ति को समर्पित राष्ट्र के 75 वें गणतंत्र दिवस शिविर-2024 जिसका मूल वाक्य था" विकसित भारत और भारत लोकतंत्र की मातृका" में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया गया। उक्त उपलब्धि के लिए उन्हें उत्तर प्रदेश की महामहीम राज्यपाल महोदया श्रीमती आनंदी बेन पटेल द्वारा दिनाँक 03 फरवरी 2024 को लखनऊ में सम्मानित किया गया।

## पुरातन छात्रा संघ का रजिस्ट्रेशन



पुरातन छात्रा संघ महाविद्यालय की पुरातन छात्राओं का एक रजिस्टर्ड संघ है। महाविद्यालय में विगत कई वर्षों से पुरातन छात्रा रजिस्ट्रेशन हेतु रूपरेखा तैयार की जा रही थी।कई मीटिंग एवं सम्मेलनों के पश्चात सर्वप्रथम पुरातन छात्राओं के पदाधिकारियों के चुनाव हेतु प्राचार्या कक्ष में एक मीटिंग आहूत की गई, जिसमें सर्वसम्मति से पुरातन छात्रा संघ का निर्वाचन किया गया। अनेक प्रक्रियाओं से गुजरने के पश्चात दिनांक 21 मई 2024 को सोसाइटी का रजिस्ट्रेशन हुआ जो दिनांक 20 मई 2029 तक विधिमान्य होगा। समिति का रजिस्ट्रेशन न .GBN/ 01203/2024-2025 है। समिति के पदाधिकारी के नाम निम्नवत हैं - संरक्षक- प्रो.(डॉ.) दिव्या नाथ, प्राचार्या , अध्यक्ष-सुम्बुल जहरा , उपाध्यक्ष-डॉ.कविता रानी, सचिव-अलिशबा, उपसचिव-अंजू शर्मा , कोषाध्यक्ष-काजोल गर्ग , सदस्य-सोनिका नागर, प्रीति नागर,रचना शर्मा, गरिमा गोयल, प्रेरणा शर्मा,चित्रा शर्मा, शीलू शर्मा, नेहा शर्मा, मधु गोयल ,श्रुति गर्ग। इस संपूर्ण प्रक्रिया को पूर्ण करने में महाविद्यालय में प्राचार्या,प्रो. (डॉ.)दिव्यानाथ, प्रो. (डॉ )जीत सिंह और डॉ. मिन्तु का विशेष सहयोग रहा।


सम्पादिका
डॉ. दीप्ति वाजपेयी
डॉ. मिन्तु
डॉ. नीलम शर्मा

छात्रा प्रतिनिधि
कु. काजल नागर , एम.ए. द्वितीय वर्ष
कु साक्षी तंवर, बी.एड प्रथम वर्ष

संरक्षिका
डॉ. दिव्या नाथ
( प्राचार्या )



KMGGPGC
स्थापना वर्ष-1997
Vol 6/issue 3/Jan 2024- June 2024